Adda247

GET IT ON Google Play

# UPSSSC_Revenue_Lekhpal_2015_Shift1

Adda247
GET IT ON Google Play

# राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

## प्रथम पाली

(परीक्षा तिथि : 13 सितम्बर, 2015)

## व्याख्यात्मक हल प्रश्न-पत्र

### भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश : प्रश्न सं. 1 और 2 में, लिखित लोकोक्तियों/मुहावरों के सही अर्थ चुनकर लिखिए।**

1. "खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे"
   (a) अपनी शर्म छिपाने के लिए व्यर्थ झुंझलाना
   (b) अपने से बड़ों पर क्रोध करना
   (c) कायरतापूर्ण व्यवहार करना
   (d) किसी बात पर शर्मिंदा होकर क्रोध करना
   **उत्तर-(a)**

व्याख्या-"खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे" का अर्थ है - अपनी गलती को छिपाने के लिये दूसरे पर व्यर्थ झुझलाना।

2. "काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती"
   (a) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है
   (b) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती
   (c) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते
   (d) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता
   **उत्तर-(d)**

व्याख्या-काँठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती का अर्थ है छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता।

**निर्देश : प्रश्न सं. 3 और 4 में लिखित शब्दों के विलोम शब्द चुनिए।**

3. "कृश"
   (a) विटप (b) हृष्ट-पुष्ट
   (c) केश (d) भव
   **उत्तर-(b)**

व्याख्या-कृश का विलोम - हृष्ट-पुष्ट होता है।

4. "अल्पज्ञ"
   (a) सर्वज्ञ (b) अभिज्ञ
   (c) अवज्ञ (d) कृतज्ञ
   **उत्तर-(a)**

व्याख्या-अल्पज्ञ का विलोम-सर्वज्ञ होता है।

5. "खूँटी" शब्द का बहुवचन बताइए।
   (a) खूँटिया (b) खूँटियौं
   (c) खूँटियाँ (d) खूँटियों
   **उत्तर-(c)**

व्याख्या-खूँटी शब्द का बहुवचन खूँटियाँ है।

6. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्द का दूसरा अर्थ बताइए।
   "अज-अजन्मा"
   (a) आजन्म (b) निर्भीक
   (c) आजीवन (d) ईश्वर
   **उत्तर-(d)**

व्याख्या-अज-अजन्मा का अर्थ होता है जिसका कभी जन्म और मृत्यु न हो अर्थात् ईश्वर।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?
   (a) प्रतिनिधि (b) प्रतिनीधी
   (c) प्रतिनीधि (d) प्रतिनिधी
   **उत्तर-(a)**

व्याख्या-उक्त विकल्पों में शुद्ध शब्द प्रतिनिधि है।

**निर्देश: प्रश्न सं. 8 और 9 के वाक्यों में से कुछ में त्रुटियाँ है। त्रुटि वाले वाक्य के जिस भाग में त्रुटि हों, उसके अनुरूप अक्षर (A, B, C) वाले गोले को काला करें। यदि वाक्य में कोई त्रुटि न हो, तो (D) वाले गोले को पूरी तरह काला करें।**

8. विद्यालय में/जलपान को/उत्तम प्रबंध है/कोई त्रुटि नहीं
   (a) विद्यालय में (b) जलपान को
   (c) उत्तम प्रबंध है (d) कोई त्रुटि नहीं
   **उत्तर-(b)**

व्याख्या-विद्यालय में जलपान को की जगह जलपान का उत्तम प्रबंध है, होना चाहिए।

9. मुझे/रेलगाड़ी में यात्रा करना/अच्छी लगती है/कोई त्रुटि नहीं।
   (a) मुझे (b) रेलगाड़ी में यात्रा करना
   (c) अच्छी लगती है (d) कोई त्रुटि नहीं
   **उत्तर-(c)**

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247

GET IT ON Google Play

10. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(a) आज (b) आँख
(c) अग्र (d) आग
उत्तर-(c)

व्याख्या-उक्त विकल्पों में तत्सम शब्द अग्र है। अन्य शब्द तद्भव है।

निर्देश : प्रश्न सं. 11 और 12 में, लिखित वाक्यों के लिए एक शब्द चुनिए।

11. "पर्वत की तलहटी"
(a) द्रोण (b) बेसिन
(c) घाटी (d) उपत्यका
उत्तर-(d)

व्याख्या-पर्वत की तलहटी को उपत्यका कहते हैं।

12. "कंजूसी से धन व्यय करने वाला"
(a) कृपण (b) मसृण
(c) मितव्ययी (d) अल्पव्ययी
उत्तर-(a)

व्याख्या-कंजूसी से धन व्यय करने वाले को कृपण कहते हैं।

निर्देश : प्रश्न सं. 13 और 14 के वाक्यों में आए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

13. उसका हृदय इतना कोमल है कि मित्र तो क्या वह अपने............को भी चोट नहीं पहुँचा सकता।
(a) शत्रु (b) सहयोगी
(c) विपक्षी (d) प्रतिरोधी
उत्तर-(a)

व्याख्या-प्रश्नगत उसका हृदय इतना कोमल है कि मित्र तो क्या वह अपने शत्रु को भी चोट नहीं पहुँचा सकता।

14. देश-रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को............रहना चाहिए।
(a) उद्धत (b) प्रबुद्ध
(c) सम्बद्ध (d) उद्यत
उत्तर-(d)

व्याख्या-देश-रक्षा के लिये प्रत्येक नागरिक को उद्यत रहना चाहिये।

15. "अरविंद" शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए।
(a) कल्पवृक्ष (b) केवड़ा
(c) कमल (d) गुलाब
उत्तर-(c)

व्याख्या-अरविंद का पर्यायवाची शब्द कमल है। अरविंद के अन्य पर्यायवाची हैं- जलज, पंकज, नीरज, सरोज, अम्बुज आदि।

16. "निर्धन" में कौन-सी संधि है?
(a) अयादि संधि (b) यण संधि
(c) व्यंजन संधि (d) विसर्ग संधि
उत्तर-(d)

व्याख्या-निर्धन में विसर्ग संधि है - नि: + धन = निर्धन।

17. 'देशांतर" में कौन-सा समास है?
(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
(c) द्विगु (d) द्वंद्व
उत्तर-(a)

व्याख्या-देशांतर में कर्मधारय समास है। कर्मधारय के अन्य उदाहरण परमेश्वर, नीलकमल आदि।

18. "अम्बर-पनघट में डुबो रही, तारा-घट ऊषा-नागरी।" में कौन-सा अलंकार है?
(a) अनुप्रास (b) श्लेष
(c) रूपक (d) उपमा
उत्तर-(c)

व्याख्या-'अम्बर पनघट में डूबो रही, तारा घट ऊषा-नागरी में रूपक अलंकार है क्योंकि अम्बर, तारा और ऊषा पर क्रमश: पनघट, घट और नागरी का आरोप हुआ है।

19. निम्नलिखित में से कौन-सा तद्भव शब्द है?
(a) इष्टिका (b) कुपुत्र
(c) अमिय (d) उलूक
उत्तर-(c)

व्याख्या-अमिय तद्भव है। अमिय का तत्सम 'अमृत' होता है।

निर्देश : प्रश्न सं. 20 और 21 में, लिखित वाक्यों में से सही वाक्य का चयन कीजिए।

20. (a) तुलसी अवधी के श्रेष्ठ कवि और ब्रजभाषा के सूर हैं।
(b) तुलसी अवधी के श्रेष्ठ कवि है और सूर ब्रजभाषी हैं।
(c) तुलसी और सूर अवधी और ब्रजभाषी के श्रेष्ठ कवि हैं।
(d) तुलसी और सूर क्रमश: अवधी और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि हैं।
उत्तर-(d)

व्याख्या-तुलसी और सूर क्रमश: अवधी और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि है। शुद्ध वाक्य है।

21. (a) जीवन और साहित्य का निकट सम्बन्ध है।
(b) जीवन और साहित्य का घोर सम्बन्ध है।
(c) जीवन और साहित्य का अगाध सम्बन्ध है।
(d) जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है।
उत्तर-(d)

व्याख्या-जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है। उक्त चारों विकल्पों में सही है।

22. करुण रस का स्थायी भाव क्या है?
(a) उत्साह (b) शोक
(c) रति (d) हास्य
उत्तर-(b)

व्याख्या-करूण रस का स्थायी भाव शोक होता है।

Adda247
GET IT ON Google Play

23. ''मैं खाना खा चुका था,'' इस वाक्य में कौन-सा भूतकालिक भेद है?
(a) आसन्न भूत
(b) संदिग्ध भूत
(c) सामान्य भूत
(d) पूर्ण भूत
उत्तर-(d)

व्याख्या-मै खाना खा चुका था। इस वाक्य में भूतकालिक भेद का पूर्ण भूत है।

24. 'राजा <u>सेवक को</u> कम्बल देता है', वाक्य में रेखांकित पद में कौन-सा कारक है?
(a) सम्प्रदान कारक
(b) कर्ता कारक
(c) कर्म कारक
(d) सम्बन्ध कारक
उत्तर-(a)

व्याख्या-राजा सेवक को कम्बल देता है। इसमें देने का भाव होने से सम्प्रदान कारक है।

25. ''ठठेरा'' शब्द का लिंग परिवर्तित कीजिए।
(a) ठठेरिन
(b) ठठेरिनी
(c) ठठेरी
(d) ठठारी
उत्तर-(a)

व्याख्या-ठठेरा का स्त्रीलिंग ठठेरिन होगा।

## भाग-2 : गणित

26. यदि एक वृत्त की परिधि उसके व्यास से 18.6 सेमी अधिक है, तो वृत्त का व्यास क्या होगा?
(a) 8.68 सेमी
(b) 8.84 सेमी
(c) 7.54 सेमी
(d) 7.84 सेमी
उत्तर-(a)

प्रश्न का हल

वृत्त का व्यास = d, वृत्त की परिधि = $\pi d$
प्रश्नानुसार, $\pi d - d = 18.6$

$$d(\pi - 1) = 18.6$$
$$d\left(\frac{22}{7} - 1\right) = 18.6$$
$$d\left(\frac{22-7}{7}\right) = 18.6$$
$$d \times \frac{15}{7} = 18.6$$
$$d = 18.6 \times \frac{7}{15} = 8.68 \text{ सेमी.}$$

अत: वृत्त का व्यास 8.68 सेमी. है।

27. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुतम समापवर्त्य (LCM) क्रमश: 12 और 2448 है। यदि संख्याओं का अन्तर 60 है, तो संख्याओं का योगफल होगा
(a) 248
(b) 204
(c) 348
(d) 284
उत्तर-(c)

प्रश्न का हल

HCF = 12, LCM = 2448

ल.स. × म.स. = $(a \times b) = 12 \times 2448$ ..... (1)

$a - b = 60$..........................(2)

सूत्र $(a+b)^2 = (a-b)^2 + 4ab$

$$a + b = \sqrt{(a-b)^2 + 4ab}$$
$$= \sqrt{60^2 + 4 \times 12 \times 2448} = \sqrt{3600 + 117504}$$
$$a + b = \sqrt{121104} = 348$$

28. एक स्कूटर और मोपेड के मूल्यों का अनुपात 9 : 5 है। यदि एक स्कूटर का मूल्य एक मोपेड के मूल्य से रु. 4,200 अधिक है, तो मोपेड का मूल्य होगा -
(a) रु. 5,700
(b) रु. 6,300
(c) रु. 3,350
(d) रु. 5,250
उत्तर-(d)

प्रश्न का हल

माना स्कूटर का मूल्य $9x$ एवं मोपेड का मूल्य $5x$ है।
प्रश्नानुसार, $9x = 5x + 4200$
$$9x - 4x = 4200$$
$$4x = 4200$$
$$x = 1050$$
अत: मोपेड का मूल्य = $5x = 5 \times 1050 = 5250$ रु.

29. तीन संख्याओं का योगफल 392 है। यदि पहली संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात 2 : 3 है तथा दूसरी संख्या का तीसरी संख्या से अनुपात 5 : 8 है, तो तीसरी संख्या होगी-
(a) 176
(b) 192
(c) 162
(d) 120
उत्तर-(b)

प्रश्न का हल

I II III
2 3
5 8
10 : 15 : 24

माना पहली, दूसरी तथा तीसरी संख्या क्रमश: 10x, 15x तथा 24x है
प्रश्नानुसार, $10x + 15x + 24x = 392$
$$49x = 392 \Rightarrow x = \frac{392}{49} = 8$$
अत: तीसरी संख्या = $24x = 24 \times 8 = 192$

30. एक त्रिभुजाकार खेत का परिमाप 540 मीटर है और इसकी भुजाओं का अनुपात 5 : 12 : 13 है। इस खेत का क्षेत्रफल क्या होगा?
(a) 9320 वर्ग मीटर
(b) 9450 वर्ग मीटर
(c) 9560 वर्ग मीटर
(d) 9720 वर्ग मीटर
उत्तर-(d)

Adda247
GET IT ON Google Play

**प्रश्न का हल**

माना त्रिभुज की भुजाएं क्रमशः 5x, 12x व 13x है

परिमाप = 540

$5x + 12x + 13x = 540$

$30x = 540$

$x = 18$

त्रिभुज की भुजाएं क्रमशः = 90 मी., 216 मी., 234 मी.

$S = \frac{a+b+c}{2} = 270$ (a, b, c त्रिभुज की भुजाएं हैं)

त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\sqrt{S(S-a)(S-b)(S-c)}$

$= 270 \times 180 \times 54 \times 36 = 9720$ वर्ग मी.


**31. एक आयताकार मेज़ की ऊपरी सतह का परिमाप 28 मी. है और इसका क्षेत्रफल 48 मी.² है। मेज़ के कर्ण की लम्बाई क्या है?**

(a) 12.5 मी. (b) 5 मी.

(c) 10 मी. (d) 12 मी.

**उत्तर-(c)**

**प्रश्न का हल**




प्रश्नानुसार,

$2(A + B) = 28$

$A + B = 14$ ...... (1)

$A \times B = 48$

$(A - B)^2 = (A + B)^2 - 4AB$

$= (14)^2 - 4 \times 48 = 196 - 192 = 4$

$A - B = \sqrt{4} \Rightarrow A - B = 2$ ........... (2)

समी. (1) एवं समी. (2) जोड़ने पर

$2A = 16 \Rightarrow A = 8$ मीटर

A का मान समी. (1) में रखने पर

$8 + B = 14 \Rightarrow B = 14 - 8 = 6$ मीटर

आयताकार मेज की लम्बाई 8 मीटर तथा चौड़ाई 6 मीटर है।

अतः मेज का कर्ण = $\sqrt{8^2 + 6^2}$

$= \sqrt{64 + 36} = \sqrt{100}$

= 10 मीटर

**32. एक त्रिभुज का परिमाप 30 सेमी है और इसका क्षेत्रफल 30 सेमी² है। यदि त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा की लम्बाई 13 सेमी है, तो त्रिभुज की सबसे छोटी भुजा क्या होगी?**

(a) 5 सेमी (b) 6 सेमी

(c) 4 सेमी (d) 3 सेमी

**उत्तर-(a)**

**प्रश्न का हल**

माना त्रिभुज की तीनों भुजाएं क्रमशः a, b और c हैं।

प्रश्नानुसार, $a + b + c = 30$

माना त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा a = 13 सेमी.

अतः शेष दोनों भुजाओं की लम्बाई (b+c)

$= 30 - 13 = 17$ सेमी.

$s = \frac{a+b+c}{2} = \frac{13+17}{2} = \frac{30}{2} = 15$ सेमी.

माना त्रिभुज की शेष दो भुजाओं में एक भुजा $x$ सेमी. है तो दूसरी भुजा होगी = $(17 - x)$ सेमी.

त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

$30 = \sqrt{15(15-13)(15-x)(15-17+x)}$

$(30)^2 = 15 \times 2 \times (15-x)(x-2)$

$30 \times 30 = 30(17x - x^2 - 30)$

$17x - x^2 - 30 = 30$

$x^2 - 12x - 5x + 60 = 0$

$x(x - 12) - 5(x - 12) = 0$

$(x - 12)(x - 5) = 0$

यदि $x - 12 = 0$ तो $x = 12$ सेमी.

तथा $x - 5 = 0$ तो $x = 5$ सेमी.

अतः त्रिभुज की सबसे छोटी भुजा 5 सेमी. होगी

**33. एक पहिए की त्रिज्या 21 सेमी है। 792 मीटर की दूरी तय करने में उसे कितने चक्कर लगाने होंगे?**

(a) 400 (b) 600

(c) 200 (d) 300

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

पहिए की त्रिज्या (r) = 21

परिधि = $2\pi r = 2 \times \frac{22}{7} \times 21 = 132$ सेमी.

चक्करों की संख्या = $\frac{\text{कुल दूरी}}{\text{परिधि}}$

$= \frac{792 \times 100}{132}$ (1मी.=100 सेमी.)

= 600 चक्कर

**34. किसी काम में एक पुरुष, एक महिला से दुगुना तेज है और एक महिला, एक लड़के से दुगुनी तेज है। यदि वे सभी अर्थात् एक पुरुष, एक महिला और एक लड़का मिलकर किसी काम को 4 दिनों में पूरा कर सकते हों, तो एक लड़का अकेले उसे कितने दिनों में पूरा कर लेगा?**

(a) 28 दिन (b) 7 दिन

(c) 21 दिन (d) 14 दिन

**उत्तर-(a)**

Adda247
GET IT ON Google Play

**प्रश्न का हल**

पुरुष और महिला के काम का अनुपात = 2 : 1
महिला और लड़के के काम का अनुपात = 2 : 1
पुरुष, महिला और लड़के के काम का अनुपात = 4 : 2 : 1
काम में लगे समय का अनुपात = 1 : 2 : 4
माना पुरुष कार्य को x दिन, महिला 2x दिन और लड़का 4x दिन में करेगा।
प्रश्नानुसार, तीनों का 1 दिन का काम

$= \frac{1}{x}+\frac{1}{2x}+\frac{1}{4x}=\frac{1}{4} \Rightarrow \frac{4+2+1}{4x}=\frac{1}{4}$

$\Rightarrow 4x = 7 \times 4 \Rightarrow x = 7$

अतः लड़के द्वारा काम करने में लगा समय 4x

$= 4\times7 = 28$ दिन

**35. 60 लीटर मिश्रण में, अम्ल और पानी का अनुपात 2:1 है। इसमें कितना लीटर पानी मिलाया जाए ताकि अम्ल और पानी का अनुपात 1:2 हो जाए?**

(a) 60 लीटर (b) 72 लीटर
(c) 44 लीटर (d) 52 लीटर

**उत्तर-(a)**

**प्रश्न का हल**

अम्ल और पानी का अनुपात = 2 : 1

मिश्रण में अम्ल की मात्रा $= 60 \times \frac{2}{2+1} = 40$ लीटर

मिश्रण में पानी की मात्रा = 60 – 40 = 20 लीटर

अतः यदि मिश्रण में x लीटर पानी मिलाने पर अम्ल और पानी का अनुपात 1 : 2 हो जाता है

अतः $\frac{40}{20+x}=\frac{1}{2} \Rightarrow 20 + x = 80$

$\Rightarrow x = 80 - 20 = 60$ लीटर


**36. Δ ABC में, यदि ∠A = 90°, a = 25 सेमी, b = 7 सेमी, तो tan B का मान क्या होगा?**

(a) $\frac{24}{7}$ (b) $\frac{24}{25}$ (c) $\frac{7}{25}$ (d) $\frac{7}{24}$

**उत्तर-(d)**

**प्रश्न का हल**

ΔABC में A = 90°
समकोण के सामने की भुजा BC = a = 25
तथा ∠B के सामने की भुजा AC = b = 7
∴समकोण त्रिभुज ABC में,




$AC^2 + AB^2 = BC^2$
$AB^2 = BC^2 - AC^2 = 25^2 - 7^2$
$AB^2 = 625 - 49 = 576$
$\therefore AB^2 = 24^2 \Rightarrow AB = 24$

अतः $\tan B = \frac{\text{लंब}}{\text{आधार}} = \frac{7}{24}$

**37. यदि किसी धनराशि पर ब्याज 1 पैसा प्रति रुपया प्रति माह हो, तो वार्षिक ब्याज दर का प्रतिशत क्या होगा?**

(a) $10\frac{1}{2}\%$ (b) 12%
(c) 10% (d) 15%

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

ब्याज = 1 पैसा, मूलधन =100 पैसा, समय $= \frac{1}{12}$ वर्ष

दर = ?

साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$

$1 = \frac{100 \times R \times \frac{1}{12}}{100}$

दर (R) = 12% वार्षिक

**38. 50 प्रेक्षणों के एक समूह का मानक विचलन 8 है। यदि प्रत्येक प्रेक्षण को 2 से गुणा किया जाए, तो मानक विचलन का मान होगा**

(a) 8 (b) 16
(c) 2 (d) 4

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

यदि प्रेक्षणों में n से गुणा किया जाता है तो मानक विचलन n गुणा बढ़ जाता है। अतः 2 से गुणा करने पर विचलन दो गुना बढ़ जायेगा।
मानक विचलन का मान = 2 × 8 = 16 हो जाएगा।

**39. x के किस मान के लिए निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक 27 होगा?**

**25, 26, 27, 23, 27, 26, 24, x, 27, 26, 25, 25**

(a) 26 (b) 27
(c) 24 (d) 25

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

दिये गये आंकड़ों में बहुलक 27 प्राप्त करने के लिए x के स्थान पर 27 रखने पर आंकड़ों में 27 सर्वाधिक चार बार प्राप्त होती है। अतः बहुलक 27 होगा।

**40. 1, 6, 8, 3, 2 के माध्य और माध्यिका का योगफल है-**

(a) 10 (b) 12
(c) 6 (d) 7

**उत्तर-(d)**

**प्रश्न का हल**

माध्य $= \frac{1+6+8+3+2}{5} = 4$

माध्यिका प्राप्त करने के लिए 1, 6, 8, 3, 2 को आरोही क्रम में रखना होगा 1, 2, 3, 6, 8

अतः माध्यिका $= \frac{n+1}{2}$ वां पद $= \frac{5+1}{2} =$ 3वां पद = 3

माध्य और माध्यिका का योगफल = 3 + 4 = 7

Adda247
GET IT ON Google Play

**41.** एक व्यक्ति अपनी यात्रा का $\frac{2}{11}$ भाग ट्रेन द्वारा, $\frac{17}{22}$ भाग कार द्वारा तथा शेष 1 किलोमीटर पैदल चल कर तय करता है। वह कितनी दूर चलता है?

(a) 24 किमी (b) 33 किमी
(c) 27 किमी (d) 22 किमी

उत्तर-(d)

**प्रश्न का हल**

माना कुल दूरी = x किमी.

प्रश्न से, $\left[x-\left(\frac{2}{11}x+\frac{17}{22}x\right)\right]=1$

$\left[x-\left(\frac{4x-17x}{22}\right)\right]=1$

$x-\frac{21x}{22}=1 \Rightarrow \frac{22x-21x}{22}=1$

x = 22 किमी.

**42.** वर्गीकृत आंकड़ों का माध्य अभिकलित करते समय, हम मानते हैं कि बारंबारताएँ

(a) वर्गों की उपरि सीमाओं पर केन्द्रित हैं
(b) वर्गों की निम्न सीमाओं पर केन्द्रित हैं
(c) सभी वर्गों पर समान रूप से बंटित हैं
(d) वर्गों के वर्ग अंकों पर केन्द्रित हैं

उत्तर-(d)

**प्रश्न का हल**

वर्गीकृत आंकड़ों के माध्य की गणना करते समय हम मानते हैं कि बारंबारताएं वर्गों के वर्ग अंकों पर केन्द्रित है।

**43.** 930.25 के वर्गमूल से कौन-सा सबसे छोटा भिन्न घटाया जाए जिससे प्राप्त परिणाम एक पूर्ण संख्या आए?

(a) $\frac{1}{6}$ (b) $\frac{4}{3}$
(c) $\frac{2}{3}$ (d) $\frac{1}{2}$

उत्तर-(d)

**प्रश्न का हल**

$\sqrt{930\cdot25}=30\cdot5$

$=30+\cdot5$ (दशमलव संख्या)

अत: पूर्ण संख्या बनाने हेतु 30·5 से ·5 (30.5–.5)

अर्थात् $.5=\frac{1}{2}$ भिन्न घटाया जाय।

**44.** 300 ग्राम की चीनी के विलयन में 40% चीनी है। इसमें कितनी चीनी मिलाई जाए ताकि विलयन में चीनी 50% हो जाए?

(a) 60 ग्राम (b) 25 ग्राम
(c) 45 ग्राम (d) 40 ग्राम

उत्तर-(a)

**प्रश्न का हल**

विलयन में चीनी की मात्रा $=\frac{300\times40}{100}=120$ ग्राम

माना विलयन में x ग्राम चीनी मिलायी जाती है तब

प्रश्नानुसार, $\frac{120+x}{300+x}=\frac{50}{100}$ $\left(50\%=\frac{50}{100}\right)$

$\Rightarrow \frac{120+x}{300+x}=\frac{1}{2}$

$\Rightarrow 240+2x=300+x$

$\Rightarrow 2x-x=300-240$

$\Rightarrow$ x = 60 ग्राम

**45.** किसी संख्या में 8% जोड़ने और 3% घटाने से प्राप्त संख्याओं के बीच का अंतर 407 है। मूल संख्या है-

(a) 3700 (b) 3400
(c) 3500 (d) 3600

उत्तर-(a)

**प्रश्न का हल**

माना संख्या = x है तब प्रश्नानुसार,

$x\times\frac{108}{100}-x\times\frac{97}{100}=407$

$\Rightarrow \frac{11x}{100}=407$

$\Rightarrow x=\frac{407\times100}{11}=3700$

**46.** $5\frac{3}{4}$, $4\frac{4}{5}$ और $7\frac{3}{8}$ के योगफल में कौन-सा भिन्न जोड़ा जाए ताकि परिणाम एक पूर्ण संख्या आए?

(a) $\frac{1}{40}$ (b) $\frac{3}{40}$
(c) $\frac{1}{10}$ (d) $\frac{1}{20}$

उत्तर-(b)

**प्रश्न का हल**

$5\frac{3}{4}+4\frac{4}{5}+7\frac{3}{8}$

$=5+\frac{3}{4}+4+\frac{4}{5}+7+\frac{3}{8}=16+\left(\frac{3}{4}+\frac{4}{5}+\frac{3}{8}\right)$

$=16+\left(\frac{30+32+15}{40}\right)=16+\left(\frac{77}{40}\right)$

$=16+1\frac{37}{40}=16+1+\frac{37}{40}=17+\left(\frac{37}{40}\right)$

पूर्ण संख्या प्राप्त करने के लिए 1 में से भिन्न को घटा देंगे

$\therefore 1-\frac{37}{40}=\frac{3}{40}$

Adda247
GET IT ON Google Play

**47. कोई व्यक्ति रु. 8 में 10 वस्तु खरीदता है और उन्हें रु. 1.25 प्रति वस्तु की दर से बेचता है। उसका प्रतिशत लाभ है-**

(a) 50% (b) $56\frac{1}{4}\%$
(c) 20% (d) $19\frac{1}{2}\%$

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

प्रश्नानुसार एक व्यक्ति 10 वस्तु खरीदता है 8 रु. में

अतः एक वस्तु का क्रय मूल्य = $\frac{8}{10} = 0\cdot80$ रु.

जबकि एक वस्तु का विक्रय मूल्य = $1\cdot25$ रु.

लाभ = $1\cdot25 - 0\cdot80 = 0\cdot45$ रु.

लाभ% = $\left(\frac{0\cdot45}{0\cdot80}\times100\right)\%$

$= \frac{4500}{80} = \frac{225}{4} = 56\frac{1}{4}\%$

**48. बजट से पहले किसी कार की कीमत 30% बढ़ाई जाती है और बजट में फिर 10% बढ़ाई जाती है। कार की कीमत में कुल प्रतिशत वृद्धि है -**

(a) 44% (b) 43%
(c) 42% (d) 41%

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

कुल वृद्धि = $x + y + \frac{xy}{100}$

$= 30 + 10 + \frac{30\times10}{100}$

$= 40 + \frac{300}{100} = 40 + 3 = 43\%$ वृद्धि

**49. यदि $27^x = \frac{9}{3^x}$, तो $\frac{1}{x^4}$ का मान क्या होगा?**

(a) 4 (b) 10
(c) 8 (d) 16

**उत्तर-(d)**

**प्रश्न का हल**

$27^x = \frac{9}{3^x} \Rightarrow 3^{3x}.3^x = 9 \Rightarrow 3^{(3x+x)} = 3^2$

घातों की तुलना करने पर, $4x = 2 \Rightarrow (x = \frac{1}{2})$

$\therefore \frac{1}{(x^4)} = \frac{1}{(1/2)^4} = 2^4 = 16$

**50. कोई धनराशि साधारण ब्याज पर 10 वर्षों में अपनी दुगुनी हो जाती है। ब्याज की दर क्या है?**

(a) 10% (b) 25%
(c) 14% (d) 12%

**उत्तर-(a)**

**प्रश्न का हल**

माना मूलधन = $P$ रु

चूंकि ब्याज = मिश्रधन – मूलधन = $2_P - P = P$ रु.

साधारण ब्याज = $\frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$

$P = \frac{P\times R\times10}{100} \Rightarrow R = 10\%$

# भाग-3 : सामान्य जानकारी

**51. केन्द्र सरकार के विकास व्यय में शामिल नहीं है -**

(a) सामाजिक एवं सामुदायिक सेवाओं पर व्यय
(b) राज्यों के लिए अनुदान
(c) रक्षा व्यय
(d) आर्थिक सेवाओं पर व्यय

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**–केन्द्र सरकार के समस्त व्यय को योजनागत व्यय और गैर-योजनागत व्यय में बांटा जा सकता है। जिसे क्रमशः विकासात्मक व्यय और गैर-विकासात्मक व्यय भी कहा जाता है। गैर-विकासात्मक व्यय में रक्षा व्यय, सब्सिडी, ब्याज, भुगतान पेंशन जैसे व्यय शामिल किये जाते हैं। जबकि उपरोक्त अन्य व्यय विकासात्मक व्यय के अन्तर्गत आते हैं।

**52. हमारे रूधिर में ऑक्सीजन का परिवहन एक प्रोटीन द्वारा होता है, जिसका नाम है -**

(a) कोलैजन (b) मायोग्लोबिन
(c) हीमोग्लोबिन (d) किरेटिन

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**–मानव शरीर में ऑक्सीजन का परिवहन हीमोग्लोबिन द्वारा होता है जो प्रोटीन नामक धातु से बनी होती है। हीमोग्लोबिन में अधिकतर प्रोटीन होता है और ये प्रोटीन एमीनो एसिडों की शृंखला से बने होते हैं।

**53. अन्तर्राष्ट्रीय गमन (माइग्रेशन) क्या है?**

(a) देशों के बीच में लोगों का संचलन
(b) लोगों का शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में संचलन
(c) देश में लोगों का संचलन
(d) एक गाँव से दूसरे गाँव तक लोगों का संचलन

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र की ओर जनसंख्या का संचलन प्रवासन या माइग्रेशन कहलाता है। और यही संचलन जब एक देश से दूसरे देश को होता है तो अन्तर्राष्ट्रीय गमन (माइग्रेशन) कहलाता है।

Adda247

**54. सॉफ्ट बैंक ............ और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने एक संयुक्त उपक्रम SBG क्लीनटेक बनाया है, जो ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्टों में 10 वर्षों में लगभग $ 20 बिलियन का निवेश करेगा।**

(a) अडानी लिमिटेड (b) टाटा ग्रुप
(c) रिलायन्स इण्डस्ट्रीज (d) भारती एन्टरप्राइजेज़

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–सॉफ्ट बैंक भारती एन्टरप्राइजेज और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने एक संयुक्त उपक्रम एसबीजी क्लीनटेक बनाया है, जो ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्टों में 10 वर्षों में लगभग 20 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा।

**55. नेपाल भूकंप त्रासदी के दौरान भारत सरकार द्वारा संचालित किए गए बचाव कार्यों (रेस्क्यू ऑपरेशन) को कौन-सा नाम दिया गया?**

(a) ऑपरेशन नेपाल (b) ऑपरेशन अभय
(c) ऑपरेशन सहाय (d) ऑपरेशन मैत्री

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–ऑपरेशन मैत्री 2015 में नेपाल में आये भूकम्प से बचाव हेतु एक राहत अभियान था जिसे भारत सरकार द्वारा चलाया गया है। गौरतलब है कि भारत की प्रतिक्रिया भूकम्प के 15 मिनट के भीतर ही शुरू हो गयी थी।

**56. लोक सभा चुनावों के लिए उम्मीदवार बनने की न्यूनतम आयु सीमा कितनी है?**

(a) 30 वर्ष (b) 25 वर्ष
(c) 18 वर्ष (d) 20 वर्ष

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**–भारतीय संविधान के अनुच्छेद 84 के अन्तर्गत यह प्रावधान किया गया है कि लोक सभा चुनावों के लिए उम्मीदवार बनने की न्यूनतम आयु 25 वर्ष निर्धारित की गयी है।

**57. 16 अगस्त, 1946 को प्रत्यक्ष कार्यवाई दिवस मनाया गया**

(a) हिन्दू लीग द्वारा (b) मुस्लिम लीग द्वारा
(c) ईसाई लीग द्वारा (d) सिख लीग द्वारा

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**–16 अगस्त, 1946 को मुस्लिम लीग द्वारा प्रत्यक्ष कार्यवाई दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि प्रत्यक्ष कार्यवाई दिवस मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान की माँग को तत्काल स्वीकार करने के लिए चलाया गया अभियान था।

**58. चौरी-चौरा घटना कब हुई थी?**

(a) 13 मार्च, 1922 (b) 5 फरवरी, 1922
(c) 3 मार्च, 1922 (d) 5 मई, 1922

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**–5 फरवरी, 1922 को उत्तर प्रदेश के चौरी-चौरा नामक स्थान पर पुलिस ने बगैर किसी पूर्व सूचना के प्रदर्शन कर रही भीड़ पर गोली चला दी जिससे लोगों ने गुस्से में आकर भीड़ ने पुलिस स्टेशन पर धावा बोल दिया और उसमें आग लगा दी जिससे पुलिस स्टेशन के अन्दर मौजूद 22 पुलिस कर्मियों की आग में जलकर मृत्यु हो गयी यही घटना चौरी-चौरा के नाम से जानी जाती है।

**59. निम्नलिखित में से सबसे अधिक ऋण-विद्युती तत्त्व कौन-सा है?**

(a) फ्लुओरीन (b) ऑक्सीजन
(c) सोडियम (d) ब्रोमीन

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–उपरोक्त विकल्पों में फ्लुओरीन सबसे अधिक ऋण-विद्युती तत्व है।

**60. किस देश ने कोपा अमेरिका 2015 जीता है?**

(a) पेरु (b) चिली
(c) अर्जेन्टिना (d) ब्राज़ील

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**–कोपा अमेरिका - 2015 का आयोजन 11 जून से 4 जुलाई, 2015 के मध्य चिली में सम्पन्न हुआ, जिसमें चिली ने अर्जेंटीना को हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम की। गौरतलब है कोपा अमेरिका 2017 का आयोजन अर्जेन्टीना में किया गया जिसमें ब्राजील विजेता रहा।

**61. निम्नलिखित में से कौन कैबिनेट स्तर का होता है?**

(a) विपक्ष का नेता
(b) भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर
(c) भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
(d) भारत का महान्यायवादी

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–विपक्ष का नेता कैबिनेट स्तर के मंत्री के समकक्ष होता है जिसमें उसे वह सारी सुविधाएँ प्राप्त होती हैं जो एक कैबिनेट स्तर के मंत्री को प्राप्त होता है।

**62. प्रायद्वीपीय भारत का दक्षिणी छोर, कन्याकुमारी स्थित है-**

(a) मकर रेखा के दक्षिण में
(b) भूमध्य रेखा के उत्तर में
(c) कर्क रेखा के उत्तर में
(d) भूमध्य रेखा के दक्षिण में

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**–कन्याकुमारी, तमिलनाडु का प्रमुख शहर है जो भूमध्य रेखा के उत्तर में अवस्थित है। गौरतलब है कि भूमध्य रेखा एक काल्पनिक रेखा है जो पृथ्वी को दो बराबर भागों में बांटती है।

Adda247
GET IT ON Google Play

63. वह कौन-सा स्थान है जहाँ अन्तिम मुगल सम्राट बहादुरशाह ज़फर की मृत्यु हुई थी?
(a) रंगून
(b) ग्वालियर
(c) आगरा
(d) दिल्ली
उत्तर-(a)

व्याख्या-रंगून, वर्तमान नाम इसका यंगून है, म्यामार का वृहत्तम शहर है। ब्रिटिश काल में बहादुर शाह जफर को यही भेज दिया गया था जिसकी यहीं पर मृत्यु हो गयी थी।

64. सविनय अवज्ञा आन्दोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था?
(a) अगस्त कथन के विरूद्ध
(b) गोलमेज सम्मेलन के विरूद्ध
(c) विंस्टन चर्चिल का प्रतिक्रियावादी उपागम
(d) नमक कर के विरूद्ध
उत्तर-(d)

व्याख्या-सविनय अवज्ञा आन्दोलन नमक कर के विरूद्ध चलाया गया आन्दोलन था जिसकी शुरूआत महात्मा गांधी ने 12 मार्च, 1930 को दाण्डी से किया।

65. भारत की उच्चतम वार्षिक वर्षा कहाँ पर दर्ज की गई है?
(a) नामची, सिक्किम
(b) चूरू, राजस्थान
(c) मॉसिंराम, मेघालय
(d) चम्बा, हिमाचल प्रदेश
उत्तर-(c)

व्याख्या-मासिनराम, मेघालय में भारत की उच्चतम वार्षिक वर्षा दर्ज की गयी है।

66. एन. पी.पी. से क्या अभिप्राय है?
(a) नेशनल पॉपुलेशन पॉलिसी
(b) नेशनल पॉपुलेशन प्रोडक्शन
(c) नेशनल पॉपुलेशन प्रोग्राम
(d) नेशनल पॉपुलेशन प्रोजेक्ट
उत्तर-(a)

व्याख्या-एन.पी.पी. का पूरा नाम राष्ट्रीय जनसंख्या नीति (National Population Policy) है। भारत सरकार द्वारा 2000 में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति लायी गया जिसका प्रमुख उद्देश्य, पूर्व में 2045 था, 2070 तक देश की जनसंख्या को स्थिर करना लक्ष्य रखा गया है।

67. हाल ही में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउन्सिल के अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया है?
(a) जहीर अब्बास
(b) मुस्तफा कमाल
(c) जगमोहन डालमिया
(d) एन. श्रीनिवासन
उत्तर-(a)

व्याख्या-जून, 2015 को जहीर अब्बास को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउन्सिल के अध्यक्ष के रूप मे चुना गया जिनका कार्यकाल 2017 तक है।

68. जून 2015 के चौथे सप्ताह में, दो उद्यमियों और अनेक नागरिक निकायों के बीच अपशिष्ट प्रबन्ध पर समझौता कहाँ हुआ था?
(a) गुजरात
(b) महाराष्ट्र
(c) केरल
(d) असम
उत्तर-(d)

व्याख्या-अपशिष्ट प्रबन्धन पर समझौता 2015 में असम के दो प्रमुख उद्यमियों, जिसमें सांख्यिकी और पुलकराय और अनेक निकायों के बीच सम्पन्न हुआ।

69. अच्छादन (अनावरण) पर किसी पदार्थ का वायु से नमी का अवशोषण करने के गुण को कहा जाता है-
(a) प्रस्वेदन
(b) शुष्कन
(c) परासरण
(d) प्रस्फुटन
उत्तर-(a)

व्याख्या-प्रस्वेदन, आच्छादन (अनावरण) पर किसी पदार्थ का वायु से नमी का अवशोषण करने का गुण है।

70. दालें किसका अच्छा स्रोत होती हैं?
(a) प्रोटीनों का
(b) विटामिनों का
(c) कार्बोहाइड्रेटों का
(d) वसाओं का
उत्तर-(a)

व्याख्या-दालें प्रोटीन का अच्छा स्रोत होती है।

71. मथुरा, डिग्बोई और पानीपत में परिष्करणशालाएँ किसके द्वारा स्थापित की गई हैं?
(a) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा
(b) मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड के क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट द्वारा
(c) इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा
(d) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा
उत्तर-(c)

व्याख्या-इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा मथुरा, डिग्बोई और पानीपत में परिष्करणशालाएँ स्थापित की गयी हैं।

72. निम्नलिखित में से किसको "संविधान की आत्मा" के रूप में माना गया है?
(a) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्त
(b) राष्ट्रीय ध्वज
(c) प्रस्तावना
(d) मूल अधिकार
उत्तर-(c)

व्याख्या-'प्रस्तावना' को 'संविधान की आत्मा के रूप में माना गया है जबकि भीमराव अम्बेडकर ने 'संवैधानिक उपचारों के अधिकार' को संविधान की आत्मा माना है।

GET IT ON Google Play

73. सतपथ ब्राह्मण और तैत्रिय ब्राह्मण..............के ब्राह्मण मूलपाठ हैं -
(a) सामवेद (b) अथर्ववेद
(c) ऋग्वेद (d) यजुर्वेद
उत्तर-(d)

व्याख्या–सतपथ ब्राह्मण और तैत्रिय ब्राह्मण यजुर्वेद के ब्राह्मण हैं।

74. ढालू सड़क पर पत्थर लुढ़काना, ऊर्ध्व ऊपर की ओर उठाने से अधिक आसान होता है क्योंकि
(a) पत्थर को लुढ़काने में किया गया कार्य इसे उठाने की अपेक्षा कम होता है।
(b) दोनों में किया गया कार्य समान होता है, किन्तु लुढ़काने में कार्य करने की दर कम होती है।
(c) पत्थर को लुढ़काने में किया गया कार्य इसे उठाने की अपेक्षा अधिक सरल होता है।
(d) पत्थर को उठाने में किया गया कार्य इसे लुढ़काने के समान होता है।
उत्तर-(a)

व्याख्या–ढालू सड़क पर पत्थर लुढकाना, ऊर्ध्व ऊपर की ओर उठाने से अधिक आसान होता है क्योंकि पत्थर को लुढ़काने में किया गया कार्य इसे उठाने की अपेक्षा कम होता है।

75. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति ने मूल कर्त्तव्यों को संविधान में सम्मिलित करने का सुझाव दिया?
(a) मल्होत्रा समिति (b) नरसिंहन समिति
(c) राघवन समिति (d) स्वर्ण सिंह समिति
उत्तर-(d)

व्याख्या–सरदार स्वर्ण सिंह की सिफारिश के आधार पर भारतीय संविधान में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा मूल कर्तव्यों को जोड़ा गया। वर्तमान समय में मूल कर्तव्यों की संख्या 11 है।

## भाग-4 : ग्रामीण विकास

76. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों के निर्माण के लिए नवम्बर, 2014 में उत्तर प्रदेश सरकार ने रु. ..............करोड़ का प्रावधान किया।
(a) 556 (b) 685
(c) 123 (d) 315
उत्तर-(b)

व्याख्या–नवम्बर, 2014 में उ.प्र. सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण हेतु कुल 685 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया था।

77. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तर प्रदेश का प्रति वर्ग किलोमीटर जनसंख्या घनत्व क्या है?
(a) 829 (b) 920
(c) 620 (d) 720
उत्तर-(a)

व्याख्या–जनगणना 2011 के अनुसार उ.प्र. का जनसंख्या घनत्व 829 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है।

78. राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रम (NRDWP) के अन्तर्गत, 2022 तक देश में हर ग्रामीण व्यक्ति को उनके घरेलू परिसरों में या उनके घरों से क्षैतिज या ऊर्ध्वाधर दिशा में 50 मीटर की दूरी से कम पर कितने लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन पेय जल उपलब्ध होना चाहिए?
(a) 80 (b) 100
(c) 60 (d) 70
उत्तर-(d)

व्याख्या–राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य 2022 तक ग्रामीण क्षेत्रों में 70 ली. प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के हिसाब से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है।

79. उत्तर प्रदेश में 75 जिलों सहित कितने प्रमुख मण्डल है?
(a) 27 (b) 32
(c) 18 (d) 23
उत्तर-(c)

व्याख्या–उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिले सहित 18 मण्डल है। जो इस प्रकार है–आगरा, अलीगढ़, इलाहाबाद, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, देवीपाटन,फैजाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, सहारनपुर एवं वाराणसी है।

80. सामाजिक वानिकी कार्यक्रम का उद्देश्य निम्नलिखित सभी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण है सिवाय
(a) फसल के लिए अनुपयुक्त सार्वजनिक भूमि पर
(b) नगरीय औद्योगिक सम्पदाओं में
(c) सड़कों एवं रेल पटरियों के साथ-साथ
(d) निम्नीकृत वन आरक्षित क्षेत्रों में
उत्तर-(b)

व्याख्या–सामाजिक वानिकी कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य फसल के लिए अनुपयुक्त-सार्वजनिक भूमि पर, सड़कों एवं रेल पटरियों के साथ-साथ एवं निम्नीकृत वन आरक्षित क्षेत्रों में वृक्षारोपण करना है।

81. उत्तर प्रदेश में किस वर्ष में एम.जी.एन.आर.इ.जी.ए. (MGNREGA) प्रारम्भ किया गया?
(a) 2007 (b) 2008
(c) 2005 (d) 2006
उत्तर-(d)

व्याख्या–2006 में उ.प्र. में मनरेगा कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ।

Adda247
GET IT ON Google Play

82. क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का भारत के राज्यों में कौन-सा स्थान है?
(a) चौथा (b) पाँचवाँ
(c) दूसरा (d) तीसरा
उत्तर-(a)

व्याख्या-आंध्र प्रदेश के विभाजन के पूर्व उ.प्र. का देश में क्षेत्रफल के अनुसार पाँचवा स्थान था लेकिन वर्तमान समय में उ.प्र. का चौथा स्थान है। जिसमें राजस्थान, म.प्र. महाराष्ट्र एवं उ.प्र. क्रमशः शीर्ष राज्य है।

83. नौवीं पंचवर्षीय योजना (1997-2002) में, ग्रामीण क्षेत्रों में बी.पी.एल. (BPL) के लिए निश्चित की गई वार्षिक पारिवारिक आय का स्तर क्या है?
(a) रु. 25,000 (b) रु. 28,000
(c) रु. 20,000 (d) रु. 18,000
उत्तर-(c)

व्याख्या-नवीं पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में बी.पी.एल. परिवारों की वार्षिक आय का स्तर 20,000 रु. था।

84. उत्तर प्रदेश में प्रमुख रेल इंजन संयंत्र कहाँ पर स्थित हैं?
(a) अलीगढ़ क्षेत्र (b) फतेहपुर क्षेत्र
(c) मुगलसराय क्षेत्र (d) कानपुर क्षेत्र
उत्तर-(c)

व्याख्या-मुगलसराय क्षेत्र में रेल इंजन संयंत्र स्थित है।

85. उत्तर प्रदेश राजमार्ग भू-नियंत्रण अधिनियम किस वर्ष में पारित किया गया था?
(a) 1952 (b) 1956
(c) 1945 (d) 1947
उत्तर-(c)

व्याख्या-सन् 1945 में उत्तर प्रदेश राजमार्ग भू-नियंत्रण अधिनियम पारित किया गया।

86. अम्बेडकर विशेष रोजगार योजना (AVRY) के अंतर्गत सामान्य श्रेणी लाभार्थियों के लिए उपलब्ध इकाई लागत प्रतिशतता एवं अधिकतम आर्थिक सहायता (सब्सिडी) धनराशि क्या है?
(a) 25% रु. 7,500 (b) 33% रु. 7,500
(c) 25% रु. 10,000 (d) 33% रु. 10,000
उत्तर-(a)

व्याख्या-अम्बेडकर विशेष रोजगार योजना का प्रमुख लक्ष्य सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों के लिए उपलब्ध इकाई लागत का 25% एवं अधिकतम 7500 रु. की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है।

87. मध्याह्न भोजन कार्यक्रम (Mid-day Meal Programme) के अन्तर्गत मध्याह्न भोजन के पकाने परोसने व उपभोग करने में स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए जाँच-पड़ताल कितनी आवृत्ति पर करनी चाहिए?
(a) दैनिक (b) त्रैमासिक
(c) साप्ताहिक (d) पाक्षिक
उत्तर-(a)

व्याख्या-मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की शुरूआत 15 अगस्त, 1995 को भारत सरकार एवं राज्य सरकार के समवेत प्रयासों से की गयी। इस योजना के अन्तर्गत बच्चों को दैनिक आधार पर भोजन की गुणवत्ता हेतु जांच-पड़ताल करनी चाहिए।

88. एक ग्राम पंचायत में महिलाओं के लिए कितने प्रतिशत पद आरक्षित होने चाहिए?
(a) 33% (b) 50%
(c) 10% (d) 20%
उत्तर-(a)

व्याख्या-73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा पंचायतों में महिलाओं हेतु 33% सीटों का आरक्षण किया गया है।

89. उत्तर प्रदेश राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य की देख-रेख तथा सरकारी लेन-देनों में पारदर्शिता लाने के लिए कौन-सी वेबसाइट तैयार की गई है?
(a) एन. आई. सी. (b) अर्थशास्त्र
(c) कोशवानी (d) सृष्टि
उत्तर-(c)

व्याख्या-'कोशवानी' वेबसाइट उ.प्र. सरकार द्वारा लाँच की जाती है जो राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य की देख-रेख तथा सरकार लेन-देन से सम्बन्धित है।

90. मध्य भारत में एक बीघा कितने हेक्टेयर के बराबर होता है?
(a) 0.2529 हेक्टेयर (b) 0.4425 हेक्टेयर
(c) 0.2025 हेक्टेयर (d) 0.3058 हेक्टेयर
उत्तर-(a)

व्याख्या-मध्य भारत में एक बीघा 0.2529 हेक्टेयर के बराबर होता है।

91. कौन-से शास्त्रीय नृत्य रूप का उत्तर प्रदेश में उद्भव हुआ?
(a) कुचीपुड़ी (b) घूमर
(c) कथक (d) भरत नाट्यम
उत्तर-(c)

व्याख्या-'कथक' लोकनृत्य का उद्भव उ.प्र. में हुआ।

Adda247
GET IT ON Google Play

92. **जमाबन्दी से क्या तात्पर्य है?**
(a) कृषि प्रलेख
(b) मैपिंग शीट
(c) भू-अधिकारों के प्रलेख
(d) पटवारी के नक्शे की कपड़े की कॉपी
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**–जमाबन्दी का तात्पर्य भू-अधिकारों के प्रलेख से है दूसरे शब्दों में कहें तो जमाबन्दी पटवारी का बही-खाता होता है जिसमें काश्तकारों के लगान का हिसाब और ब्यौरा लिखा जाता है।

93. **एस.जी.एस.वाई (SGSY) का पूर्ण रूप............है।**
(a) स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
(b) स्वर्णजयंती ग्राम सड़क योजना
(c) स्वर्णजयंती ग्राम सुरक्षा योजना
(d) स्वर्णजयंती ग्रामीण सेवा योजना
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–एस.जी.एस.वाई. का पूर्ण नाम स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना है। गौरतलब है कि स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना ग्रामीण गरीबों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1 अप्रैल, 1999 को यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी।

94. **किस मण्डल को विश्व के उत्कृष्ट कालीन उद्योगों का केन्द्र माना जाता है?**
(a) अलीगढ़ (b) आजमगढ़
(c) मिर्जापुर (d) देवीपटन
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**–उत्तर-प्रदेश का मिर्जापुर मण्डल विश्व के उत्कृष्ट कालीन उद्योग के लिए जाना जाता है, ध्यातव्य है कि भारत में कालीन बनाने का ज्यादातर काम पूर्वी उ.प्र., राजस्थान एवं जम्मू कश्मीर में होता है। बनारस, मिर्जापुर सोनभद्र के दूरदराज गांवों में कालीन उद्योग का वृहद विकास हुआ है।

95. **उत्तर प्रदेश में लिंगानुपात वर्ष 2001 में 898 से वर्ष 2011 में................तक पहुँचा है।**
(a) 925 (b) 930
(c) 912 (d) 922
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**–2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर-प्रदेश का लिंगानुपात 912 है। जबकि 2001 की जनगणना के अनुसार लिंगानुपात 898 था।

96. **उत्तर प्रदेश में किस प्रकार की मिलें सबसे अधिक संख्या में हैं?**
(a) चावल (b) इस्पात बेलनी
(c) कपड़ा (d) चीनी
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश में चीनी की सबसे अधिक मिले हैं। ध्यातव्य है कि चीनी उद्योग ग्रामीण भारत में स्थित कृषि पर आधारित सबसे बड़ा उद्योग है भारत में चीनी उद्योग ग्रामीण संसाधनों को जुटाकर रोजगार एवं उच्चतर आय, परिवहन एवं संचार सुविधाओं के सृजन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए केन्द्रीय बिन्दु रहा है।

97. **बी.पी.एल. सूचियों से छूटे हुए बी.पी.एल. परिवारों को लाभ पहुँचने के लिए कौन-सी योजना प्रारम्भ की गई?**
(a) समाजवादी पेंशन स्कीम
(b) मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना
(c) समाजवादी आवास योजना
(d) प्रधानमंत्री रोजगार योजना
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–समाजवादी पेंशन का प्रमुख उद्देश्य ऐसे बी.पी.एल. परिवारों को लाभ देने से है जो बी.पी.एल. सूची से छूट गये हैं।

98. **निम्नलिखित में से कौन-सा एक उत्तर प्रदेश राज्य के अधीनस्थ न्यायिक सेवा के रूप में कार्य करता है?**
(a) चन्दौली जिला न्यायालय
(b) पीलीभीत जिला न्यायालय
(c) बाँदा जिला न्यायालय
(d) इटावा जिला न्यायालय
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–इटावा जिला न्यायालय उ.प्र. राज्य के अधीनस्थ न्यायिक सेवा के रूप में कार्य करता है।

99. **ब्रिटिश शासन के दौरान उत्तर प्रदेश में भूमि पंजीकरण किस अधिकारी द्वारा किया जाता था?**
(a) राज्यपाल (b) लिपिक
(c) लेखपाल (d) काज़ी
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**–ब्रिटिश शासन काल के दौरान उ.प्र. में भूमि पंजीकरण पटवारी के द्वारा किया जाता था जिसे वर्तमान समय में लेखपाल कहा जाता है।

100. **राज्य सभा में कितनी सीटें उत्तर प्रदेश से हैं?**
(a) 62 (b) 29
(c) 40 (d) 31
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–राज्य सभा में उत्तर प्रदेश के लिए कुल 31 सीटें निर्धारित हैं। गौरतलब है कि राज्य सभा में सीटों का आवंटन राज्यों की जनसंख्या के अनुपात में किया गया है।